सप्ताह के शीर्ष करंट अफेयर्स (1 -6 जुलाई 2019)

1. नासा ने शनि के उपग्रह टाइटन की खोज के लिए 'ड्रैगनफ्लाई' मिशन की घोषणा की

- अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने वर्ष 2026 में टाइटन की समृद्ध जैविक दुनिया की खोज के लिए एक अंतरिक्ष यान लॉन्च करने की घोषणा की है।
- टाइटन और पृथ्वी दोनों पर सामान्य रूप से होने वाली पूर्व-जैविक रासायनिक अभिक्रियाओं की खोज में, वर्ष 2034 में 'ड्रैगनफ्लाई' नामक एक रोटरक्राफ्ट शनि के उपग्रह पर भेजा जाएगा।
- यह इस बात के संकेत प्रदान कर सकता है कि पृथ्वी पर जीवन कैसे आरंभ हुआ।
- टाइटन सौरमंडल का दूसरा सबसे बड़ा उपग्रह है और यह अत्यधिक ठंडा उपग्रह है जिसकी सतह नाइट्रोजन आधारित सुनहरे वातावरण से पूर्णतया अंधकार युक्त है, इसकी सतह पृथ्वी की तुलना में चार गुना सघन है।

2. भारत ने 'स्ट्रम अटका' एंटी टैंक मिसाइल खरीदने के लिए रूस के साथ 200 करोड़ रुपये के समझौते पर हस्ताक्षर किए

- भारत ने 'स्ट्रम अटका' एंटी टैंक मिसाइल की खरीद के लिए रूस के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।
- समझौते पर आकस्मिक परिच्छेद के तहत हस्ताक्षरित किए गए हैं, जिसके फलस्वरूप अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के 3 महीने के अंदर मिसाइल पहुंचाई जाएगी।
- यह समझौता लगभग 200 करोड़ रुपये का है।
- यह समझौता Mi-35 अटैक हेलिकॉप्टरों को दुश्मन के टैंक और अन्य बख्तरबंद वाहनों को मार गिराने की अतिरिक्त क्षमता प्रदान करेगा।

3. अबू धाबी पहले ISA संयुक्त सुरक्षा अभ्यास 'ISALEX19' की मेजबानी करेगा

- अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा गठबंधन की 50 कानून प्रवर्तन एजेंसियों के प्रतिनिधि अबू धाबी में आयोजित होने वाले पहले संयुक्त सुरक्षा अभ्यास 'ISALEX19' में भाग ले रहे हैं।
- संयुक्त सुरक्षा अभ्यास विभिन्न टीमों की तत्परता का परीक्षण करेगा और सदस्य देशों के बीच संयुक्त रूप से विकसित उपकरणों, रणनीतियों और प्रणालियों का मूल्यांकन करेगा।
- प्रतिभागियों में सामरिक टीमों, त्वरित हस्तक्षेप यूनिटों, संचार, नागरिक सुरक्षा, और विस्फोटक आयुध नियंत्रण टीमों के प्रतिनिधि शामिल हैं।

संबंधित जानकारी

- अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा गठबंधन (वर्ष 2017 में शुरू किया गया) अबू धाबी में संगठित, अंतर्राष्ट्रीय और चरमपंथी अपराध का सामना करने के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय कार्यबल है।
- अब, गठबंधन में नौ देश- संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, मोरक्को, फ्रांस, इटली, स्पेन, सेनेगल, सिंगापुर और स्लोवाक गणराज्य शामिल हैं।

4. पूर्व नौसेना प्रमुख सुशील कुमार ने पुस्तक 'ए प्राइम मिनिस्टर टू रिमेम्बर' लिखी



- 'ए प्राइम मिनिस्टर टू रिमेम्बर: मेमोरीज़ ऑफ ए मिलिट्री चीफ' शीर्षक वाली पुस्तक का विमोचन किया गया।
- पुस्तक के लेखक एडमिरल सुशील कुमार हैं।
- यह पुस्तक दिवंगत प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के भारत के सशस्त्र बलों पर बड़े प्रभाव से संबंधित है।
- पूर्व नौसेना प्रमुख सुशील कुमार ने कारगिल युद्ध, IC 814 के अपहरण और ऑपरेशन पराक्रम के चुनौतीपूर्ण समय के दौरान प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी (वर्ष 1998 से 2001 तक) के साथ काम किया।

5. ITBP की DIG अपर्णा कुमार माउंट देनाली फतह करने वाली पहली लोक सेवक बनीं

- भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP) की उप महानिरीक्षक (DIG) अपर्णा कुमार (IPS अधिकारी - 2002 बैच-उत्तर प्रदेश कैडर) उत्तरी अमेरिका की सबसे ऊंची चोटी माउंट देनाली (तीसरे प्रयास में) को फतह करने वाली पहली लोक सेवक बनीं।
- वर्तमान में, सुश्री कुमार देहरादून में ITBP उत्तरी सीमा के DIG के रूप में तैनात हैं।
- वह दक्षिण ध्रुव अभियान को सफलतापूर्वक पूरा करने वाली पहली महिला IPS DIG और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP) की अधिकारी बनीं।

6. 'तमिल येओमेन' को तमिलनाडु की राज्य तितली घोषित किया गया

- तमिलनाडु सरकार ने राज्य वन विभाग की सिफारिश के आधार पर तमिल येओमेन (Cirrochroathais) को राज्य तितली घोषित किया।
- इसके साथ, तमिलनाडु अपनी राज्य तितली की घोषणा करने वाला देश का पांचवा राज्य बन गया।
- महाराष्ट्र ने सबसे पहले ब्लू मोर्मन (पैपिलियोपॉलीम्नेस्टर) को अपनी राज्य तितली घोषित किया था, इसके बाद उत्तराखंड (कॉमन पिकॉक), कर्नाटक (दक्षिणी बर्ड विंग्स) और केरल (मालाबार बैंडेड पिकॉक) हैं।
- इन तितलियों को तमिल मारवन के नाम से भी जाना जाता है, जिसका अर्थ 'योद्धा' होता है।

7. UGC ने भारत में अनुसंधान संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एक योजना "STRIDE" को मंजूरी दी

- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) ने भारत में अनुसंधान संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए 'स्कीम फॉर ट्रांस-डिसिप्लिनेरी रिसर्च फॉर इंडियाज़ डेवलपिंग इकोनॉमी' (STRIDE) को मंजूरी दी।
- यह योजना कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में अनुसंधान संस्कृति और नवाचार को मजबूत करेगी।
- यह उन अनुसंधान कार्यों को सहायता प्रदान करेगा जो सामाज के अनुरूप, स्थानीय स्तर पर आवश्यक, राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण और वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण हैं।
- UGC द्वारा संपूर्ण योजना की देखरेख के लिए प्रोफेसर भूषण पटवर्धन की अध्यक्षता में एक सलाहकार समिति का गठन किया गया है।

STRIDE का उद्देश्य:

- भारत की विकासशील अर्थव्यवस्था तथा राष्ट्रीय विकास के लिए युवा प्रतिभा को पहचानना, अनुसंधान संस्कृति को मजबूत करना, क्षमता विकास, नवाचार को बढ़ावा देना और ट्रांस-डिसिप्लिनेरी अनुसंधान का समर्थन करना।
- मानविकी और मानव विज्ञान में बहु संस्थागत नेटवर्क उच्च प्रभाव वाली अनुसंधान परियोजनाओं को निधि प्रदान करना।

संबंधित जानकारी

- STRIDE अनुसंधान क्षमता विकास के साथ-साथ मूल, प्रायौगिक और परिवर्तनकारी कार्य अनुसंधान का समर्थन करेगा जो समावेशी विकास पर ध्यान केंद्रित करने के साथ राष्ट्रीय प्राथमिकताओं में योगदान दे सकता है।
- यह लोक हित में नए विचारों, अवधारणाओं और कार्य प्रणालियों के सृजन, विकास और समेकन का समर्थन करेगा और नागरिक समाज को मजबूत करेगा।

8. मैक्स वेर्स्टाप्पेन ने ऑस्ट्रियाई ग्रैंड प्रिक्स जीती

- रेड बुल के मैक्स वेर्स्टाप्पेन (21 वर्षीय) ने लगातार दूसरे वर्ष ऑस्ट्रियाई ग्रैंड प्रिक्स जीती।
- रेस समाप्त होने के तीन घंटे बाद जीत की पुष्टि की गई, रेस समाप्त होने बाद यह जांच की जा रही थी कि वेर्स्टाप्पेन ने लेक्लर्क को गलत तरीके से ट्रैक से बाहर किया था या नहीं।
- रेड बुल रेसिंग RB15 में मैक्स वेर्स्टाप्पेन की जीत वर्ष 2006 के हंगरी ग्रैंड प्रिक्स में जेन्सन बटन के बाद से होंडा द्वारा संचालित F1 कार की पहली जीत थी।
- वह वर्ष 2019 में रेस जीतने वाले पहले गैर-मर्सिडीज चालक भी बन गए।
- वह पूर्व फॉर्मूला वन ड्राइवर 'जॉस वेर्स्टाप्पेन' के पुत्र हैं।

9. एन.एस. विश्वनाथन को एक वर्ष के लिए पुन: RBI का डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया गया

- एन.एस. विश्वनाथन को भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर पद पर पुन: नियुक्त किया गया।
- मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने RBI के डिप्टी गवर्नर के रूप में विश्वनाथन के कार्यकाल को एक वर्ष (4 जुलाई, 2019 से) का विस्तार प्रदान करने की मंजूरी दी।
- विश्वनाथन बैंकों, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों और सहकारी बैंकों के विनियमन के प्रभारी हैं।
- विश्वनाथन के अलावा, RBI के अन्य डिप्टी गवर्नर बी.पी. कानूनगो और एम.के. जैन हैं।

10. अमेरिका ने बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी को आतंकी समूह घोषित किया

- अमेरिका ने बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (BLA), जो बलूचिस्तान प्रांत में पाकिस्तानी शासन से लड़ रही है, को एक आतंकवादी संगठन घोषित किया।
- BLA एक सशस्त्र अलगाववादी समूह है जो मुख्य रूप से पाकिस्तान के बलूचिस्तान क्षेत्र में सुरक्षा बलों और नागरिकों को निशाना बनाता है।

- अमेरिकी विभाग ने अमेरिका में किसी के लिए भी BLA आतंकवादियों की सहायता करने को अपराध की संज्ञा दी है और उनकी अमेरिकी संपत्ति जब्त करने को कहा है।
- अमेरिका ने बेरूत स्थित आतंकवादी समूह की खुफिया इकाई के प्रमुख हुसैन अली हज़ीमा की हिजबुल्लाह को भी प्रतिबंधित किया है।

11. जियो ने फेसबुक के साथ साझेदारी में एक डिजिटल साक्षरता पहल 'डिजिटल उड़ान' शुरू की

- रिलायंस जियो ने एक नया डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम 'डिजिटल उड़ान' शुरू किया है।
- 'डिजिटल उड़ान' का उद्देश्य ऐसे इंटरनेट उपयोगकर्ताओं को डिजिटल साक्षरता प्रदान करना है जो इंटरनेट पारिस्थितिकी तंत्र और ऐप का पहली बार उपयोग कर रहे हैं।
- जियो डिजिटल उड़ान कार्यक्रम को 13 राज्यों में 200 स्थानों पर फेसबुक के साथ साझेदारी में शुरू किया जा रहा है।
- डिजिटल उड़ान पहल के एक भाग के रूप में, जियो जियोफोन के फीचर, विभिन्न एप्लीकेशनों और जियोफोन में फेसबुक उपयोग करने सहित इंटरनेट सुरक्षा के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए हर शनिवार को उपयोगकर्ताओं के साथ जुड़कर उनकी सहायता करेगा।

12. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट 2019-20 पेश किया

- आज केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में वर्ष 2019-20 का केंद्रीय बजट पेश किया।
- दूसरे कार्यकाल में नरेंद्र मोदी सरकार का यह पहला बजट है।
- एक सरकार का वार्षिक वित्तीय विवरण, केंद्रीय बजट में वर्ष के बारे में विवरण और अतीत में केंद्र की लागत और आने वाले वर्ष के लिए अनुमानित खर्च और अनुमानों को दर्शाता है।

13. उत्तर प्रदेश सरकार ने टोल-फ्री मुख्य मंत्री हेल्पलाइन 1076 शुरू की

- उत्तर प्रदेश सरकार ने एक टोल-फ्री मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 शुरू की है।
- यह राज्य के नागरिकों को अपनी शिकायतें दर्ज कराने, शिकायतों पर समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित कराने में सक्षम बनाएगी।
- मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ के अनुसार, वह व्यक्तिगत रूप से हर महीने शिकायतों की समीक्षा करेंगे।
- यदि एक महीने में किसी विभाग की 100 से अधिक शिकायतें आती हैं, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।
- हेल्पलाइन के लिए 500 सीट वाला कॉल सेंटर स्थापित किया गया है और इसमें दैनिक आधार पर 80,000 अंतर्गामी और 55,000 निर्गामी कॉल संचालित करने की क्षमता है।

संबंधित जानकारी

- जब शिकायतकर्ता हेल्पलाइन पर कॉल करता है, तो उसे यह सूचित करते हुए एक SMS मिलेगा कि शिकायत संबंधित विभाग को भेज दी गई है।

- मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर '1076' 24x7 काम करेगा और राज्य के किसी भी हिस्से से कोई भी इस नंबर पर कभी भी कॉल कर सकता है।

14. UIDAI ने दिल्ली और विजयवाड़ा में अपना पहला 'आधार सेवा केंद्र' खोला

- भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) ने नई दिल्ली के अक्षरधाम मेट्रो स्टेशन में अपना पहला विशिष्ट 'आधार सेवा केंद्र' (ASK) स्थापित किया है।
- यह मंगलवार और सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर सप्ताह में छह दिन खुला रहेगा।
- ऐसा दूसरा आधार केंद्र विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश) में खोला गया है।
- ये आधार केंद्र नागरिकों को नए आधार कार्ड के लिए आवेदन करने या मौजूदा आधार कार्ड को अपडेट करने की सुविधा प्रदान करेंगे।
- UIDAI की वर्ष 2019 के अंत तक ऐसे 114 केंद्र स्थापित करने की महत्वाकांक्षी योजना है।
- हालांकि वर्तमान में बैंकों और डाकघरों द्वारा हजारों आधार केंद्र चलाए जा रहे हैं लेकिन आधार सेवा केंद्र (ASK) UIDAI द्वारा संचालित पहला विशेष केंद्र है।

संबंधित जानकारी

- आधार एक 12-अंको की विशिष्ट पहचान संख्या है जो भारत के नागरिकों को उनके बायोमेट्रिक और जनसांख्यिकीय आंकड़ों के आधार पर प्रदान की जा सकती है।
- इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र के तहत, भारत सरकार द्वारा जनवरी, 2009 में स्थापित एक वैधानिक प्राधिकरण भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) द्वारा आंकड़े संग्रहित किए गए हैं।
- आधार विश्व की सबसे बड़ी बायोमेट्रिक पहचान प्रणाली है।

15. भारत का पहला डिजाइन डेवलपमेंट सेंटर 'फैशनोवा' सूरत में शुरू किया गया

- भारत का पहला डिजाइन डेवलपमेंट सेंटर 'फैशनोवा' गुजरात के सूरत में शुरू किया गया।
- फैशनोवा की शुरूआत शहर को फैशन डिजाइनिंग के क्षेत्र में बढ़ावा देगी।
- इस स्टूडियो का मुख्य उद्देश्य उन सभी को एक मजबूत मंच प्रदान करना है, जिनका परिधान व्यवसाय की ओर रुझान है।
- यह बड़े पैमाने पर सहकार्य स्थानों से लेकर तकनीशियन, संज्ञानात्मक कार्यशालाओं के लिए विशेषज्ञ सलाह और उद्योग तक पहुंच सहित सभी व्यवसायिक जरूरतों को पूरा करता है।

16. पॉज्नैन एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स: हिमा दास ने महिलाओं की 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण जीता

- भारतीय धावक हिमा दास (19 वर्षीय) ने पोलैंड में आयोजित पॉज्नैन एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स में महिलाओं की 200 मीटर का स्वर्ण पदकजीता।
- राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गोलाफेंक खिलाड़ी तजिंदर पाल सिंह तूर ने पुरुषों के गोला फेंक में62 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रयास करते हुए कांस्य पदकजीता।
- हिमा दास 400 मीटर में विश्व जूनियर चैंपियन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक हैं, उन्होंने 200 मीटर में स्वर्ण जीतने के लिए 23.65 सेकंड का समय लिया।

- भारत के वी.के. विस्मया 23.75 सेकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ दौड़ में तीसरे स्थान पर रहे।
- मोहम्मद अनस पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में 20.75 सेकंड के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे।
- के.एस. जीवन ने 47.25 सेकंड के साथ पुरुषों की 400 मीटर दौड़ में कांस्य जीता।

17. PMMSY: मत्स्यपालन क्षेत्र में प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए एक नई योजना

- केंद्रीय बजट 2019-20 पेश करते समय, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मत्स्यपालन क्षेत्र में प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए एक नई योजना की घोषणा की।
- मजबूत मत्स्य पालन प्रबंधन संरचना के लिए नई योजना, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY), मत्स्य पालन विभाग के तहत स्थापित की जाएगी।
- उन्होंने मत्स्य पालन क्षेत्र के लिए एक नए मंत्रालय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय की स्थापना की भी घोषणा की।
- नए मंत्रालय का गठन कृषि संबद्ध क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए किया गया था, जिसमें वर्ष 2022 तक किसानों की आय को दोगुना करने के सरकार के लक्ष्य को हासिल करने में सहायता की बड़ी क्षमता है।
- नवगठित मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के लिए आवंटित बजट 3,737 करोड़ रुपये है।
- नए मंत्रालय को चालू वित्त वर्ष में आवंटित कुल बजट में से, 2,932.25 करोड़ रुपये पशुपालन एवं डेयरी उद्योग को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाओं पर जबकि मत्स्य क्षेत्र के लिए75 करोड़ रुपये खर्च किए जाने का अनुमान है।

18. बजट 2019: रक्षा बजट के लिए 3.18 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए

- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में बजट भाषण में रक्षा परिव्यय का उल्लेख नहीं किया।
- वित्त मंत्री सीतारमण ने एक साक्षात्कार के दौरान कहा कि उन्होंने केंद्रीय बजट में रक्षा क्षेत्र हेतु वर्ष 2019-20 के लिए पिछले वर्ष के 2.98 लाख करोड़ रुपये के मुकाबले 3.18 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।
- कुल आवंटन में से, 1,08,248 करोड़ रुपये नए हथियार, प्लेटफॉर्म और सैन्य हार्डवेयर खरीदने के लिए पूंजीगत व्यय हेतु अलग रखे गए हैं।
- राजस्व व्यय, जिसमें वेतन और प्रतिष्ठनों के रखरखाव पर खर्च शामिल है, को वर्ष 2018-19 के 1.88 लाख करोड़ रुपये के मुकाबले 2.10 लाख करोड़ रुपये दर्शाया गया है।
- वन रैंक वन पेंशन योजना के कार्यान्वयन के चलते वृद्धि को ध्यान में रखते हुए पेंशन का परिव्यय 1.12 लाख करोड़ रुपये है।
- आम चुनाव से पहले 1 फरवरी को पेश किए गए अंतरिम बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए 3.05 लाख करोड़ (43 बिलियन डॉलर) का परिव्यय था।

19. पहला IICTF भारत में आयोजित होगा

- पहला भारत अंतर्राष्ट्रीय सहकारी व्यापार मेला (IICTF) भारत के नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा।
- यह किसानों, कारीगरों और सहकारी समितियों के अन्य सदस्यों को सीधे वैश्विक व्यापार क्षेत्र में ले जाने की एक अनूठी पहल है जो 11 से 13 अक्टूबर, 2019 तक नई दिल्ली स्थित प्रगति मैदान में आयोजित की जाएगी।
- व्यापार मेले का उद्देश्य भारत और विदेशों के बीच में सहकारी-सहकारी व्यापार को बढ़ावा देना है, जिससे ग्रामीण और कृषि समृद्धता बढ़ेगी।

20. भारतीय रेलवे ने चेर्लोपल्ली-रापुरू स्टेशन के बीच सबसे लंबी विद्युतीकृत सुरंग शुरू की

- दक्षिण मध्य रेलवे ने चेर्लोपल्ली और रापुरू स्टेशनों के बीच6 किलोमीटर की सबसे लंबी विद्युतीकृत सुरंग शुरू की है।
- सुरंग हाल ही में पूरी हुई नई रेलवे लाइन ओबुलावरिपल्ली-वेंकटचलम का भाग है।
- सुरंग को 43 महीने के रिकॉर्ड समय में पूरा किया गया है।
- यह आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले में चेर्लोपल्ली और रापुरू रेलवे स्टेशनों के बीच स्थित है।
- सुरंग निर्माण में न्यू ऑस्ट्रेलियन टनलिंग मेथड (NATM) का उपयोग किया गया है और इसमें 460 करोड़ रुपये का खर्च आया है।
- सुरंग की ऊंचाई (रेल के तल से छत तक) 6.5 मीटर है और तार से संपर्क की न्यूनतम ऊंचाई2 मीटर रखी गई है।

दक्षिण मध्य रेलवे के बारे में जानकारी

- यह भारतीय रेलवे के 18 जोनों में से एक है।
- जोन का अधिकार क्षेत्र महाराष्ट्र, तेलंगाना और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में फैला हुआ है।
- इसके प्रबंधन के अंतर्गत तीन मंडल- नांदेड़, सिकंदराबाद, हैदराबाद हैं।

21. ई-वाहनों के लिए भारत का पहला राजमार्ग गलियारा मार्च, 2020 तक शुरू होगा

- इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशनों के साथ भारत का पहला राजमार्ग गलियारा वर्ष 2020 तक दिल्ली-जयपुर और दिल्ली-आगरा राजमार्गों पर शुरू होने की उम्मीद है।
- यमुना एक्सप्रेसवे (दिल्ली और आगरा के बीच) और राष्ट्रीय राजमार्ग 48 (दिल्ली और जयपुर के बीच) पर गलियारे की कुल लंबाई 500 किमी होगी।
- दो मार्गों पर 18 चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। दिल्ली-आगरा के बीच 8 और दिल्ली-जयपुर के बीच 10 स्टेशन होंगे।
- उन्होंने कहा कि एक बार पूरी तरह से चार्ज होने पर, एक SUV जैसा वाहन 180 किमी की दूरी तय कर सकता है और एक डीसी चार्जर को ऐसे वाहन को पूरी तरह से चार्ज करने में लगभग 1.25 घंटे लगते हैं।
- परियोजना में लगे एक अधिकारी ने कहा, कि ई-गलियारा केंद्र द्वारा समर्थित एक निजी संस्था एडवांस सर्विस फॉर सोशल एंड एडमिनिस्ट्रेटिव रिफॉर्म (ASSAR) के ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस प्रोग्राम (EODB) के अंतर्गत पहला प्रस्तावित गलियारा है।

22. भारत वर्ष 2030 में ग्लोबल वार्मिंग के कारण 34 मिलियन के बराबर नौकरियां गंवा सकता है: ILO

- अंतर्राष्ट्रीय श्रम संघ (ILO) ने अपनी रिपोर्ट 'वर्किंग ऑन अ वार्मर प्लैनेट: द इम्पैक्ट ऑफ हीट स्ट्रेस ऑन लेबर प्रोडक्टिविटी एंड डिसेंट वर्क' जारी की।
- रिपोर्ट के अनुसार, भारत अपनी बड़ी आबादी के कारण ग्लोबल वार्मिंग से सर्वाधिक प्रभावित देश होगा।

रिपोर्ट के मुख्य अंश:

- वर्ष 2030 तक दुनिया भर में कुल कार्य-समय का2 प्रतिशत हर वर्ष कम होने का अनुमान है, इसका कारण या तो काम में अत्यधिक गर्मी या श्रमिकों का धीमी गति से काम करना है।
- वैश्विक उत्पादकता हानि लगभग 80 मिलियन पूर्णकालिक रोजगार (2,400 बिलियन अमेरिकी डॉलर के आर्थिक नुकसान के बराबर) होगी।
- ऊष्मीय तनाव के कारण संचित वैश्विक वित्तीय हानि वर्ष 2030 तक 2,400 बिलियन अमेरिकी डॉलर पहुंचने की उम्मीद है।
- ऊष्मीय तनाव को सामान्यतः उन स्थानों पर 35 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान के आधार पर परिभाषित किया जाता है, जहां उच्च आर्द्रता होती है।
- 39 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान जानलेवा हो सकता है।
- कृषि में – वर्ष 2030 तक ऊष्मीय तनाव के कारण 60% कार्य-समय कम हो जाएगा।
- निर्माण में – वैश्विक कार्य-समय का 19% कम हो जाएगा।

भारत के लिए अनुमान

- वर्ष 2030 तक ग्लोबल वार्मिंग और गर्मी के चलते भारत में 34 मिलियन नौकरियों के बराबर का नुकसान होने की संभावना है।
- ऊष्मीय तनाव से चलते सर्वाधिक प्रभावित देश भारत है, जहां वर्ष 1995 में कार्य-समय का 4.3 प्रतिशत नष्ट हो गया था और वर्ष 2030 में कार्य-समय का 5.8 प्रतिशत नष्ट होने का अनुमान है।
- यद्यपि भारत में सर्वाधिक प्रभाव कृषि क्षेत्र में महसूस किया जाएगा।
- अधिकाधिक कार्य-समय निर्माण क्षेत्र में नष्ट होने की उम्मीद है जहां ऊष्मा का तनाव पुरुष और महिला श्रमिकों दोनों को प्रभावित करता है।
- ILO की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अहमदाबाद (गुजरात में) ने अपने 2017 हीट एक्शन प्लान में एक ठंडी छत की पहल शुरू की थी। इसके तहत शहर की गंदी बस्ती के निवासियों और शहरी गरीबों के लिए विशेषकर सस्ती ठंडी छतें प्रदान की गईं है।

ILO के बारे में जानकारी

- अंतर्राष्ट्रीय श्रम संघ एक संयुक्त राष्ट्र एजेंसी है जिसका कार्य सामाजिक न्याय को आगे बढ़ाना और अंतर्राष्ट्रीय श्रम मानकों को निर्धारित करके संतोषजनक काम को बढ़ावा देना है।
- यह संयुक्त राष्ट्र की पहली विशिष्ट एजेंसी थी।

- इसकी स्थापना 29 अक्टूबर, 1919 में की गई थी, इसका मुख्यालय स्विटजरलैंड के जिनेवा में है।

23. 6 जुलाई को विश्व ज़ूनोस दिवस मनाया गया

- हर साल 6 जुलाई को विश्व जूनोस दिवस मनाया जाता है।
- दिन को जूनोटिक रोगों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए मनाया जाता है, उन्हें कैसे रोका जाए और उजागर होने पर क्या कार्रवाई की जाए।
- जिस दिन लुई पाश्चर ने अपनी पहली रेबीज वैक्सीन दिलाई थी, उस दिन को 1885 से देखा जाता है।
- हर साल दुनिया भर में लाखों लोग स्वाइन फ्लू, बर्ड फ़्लू, कैट खरोंच बुखार, रेबीज, लेप्टोस्पायरोसिस, लाइम रोग, काउपॉक्स, इबोला, सार्स, हेवेंटीवायरस, एंथ्रेक्स, मंकीपॉक्स, आदि बीमारियों के शिकार होते हैं। जूनोटिक रोग।

ज़ूनोटिक रोगों के बारे में

- ज़ूनोटिक रोग तब होता है जब खतरनाक रोगजनकों को ले जाने वाले जानवर मनुष्यों के संपर्क में आते हैं। कुछ जानवर इन रोगजनकों के मेजबान होते हैं या उनसे संक्रमित होते हैं।
- जो लोग दैनिक आधार पर जानवरों के साथ बातचीत करते हैं और कई लोग पालतू जानवर या अन्य भी रखते हैं।
- जब जलवायु गर्म होती है, तो यह वैक्टर (जानवरों जो वायरस और बैक्टीरिया जैसे खतरनाक रोगजनकों को परेशान करते हैं) के व्यवहार में बदलाव पैदा करता है।

24. 6 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस मनाया गया

- 1923 के बाद से जुलाई के पहले शनिवार को हर साल अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस मनाया जाता है।
- इस उत्सव का उद्देश्य सहकारी समितियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।
- 2019 की थीम: COOPS 4 DECENT WORK
- एक हालिया अनुमान के अनुसार, दुनिया भर की सहकारी समितियाँ 279 मिलियन से अधिक लोगों के लिए आय का मुख्य स्रोत हैं या इनकी कुल आबादी का लगभग 10% हैं।

25. अंबाती रायडू ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से सन्यास लिया

- भारतीय क्रिकेट टीम के मध्यक्रम के बल्लेबाज अंबाती रायडू (33 वर्षीय) ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लिया।
- उन्होंने अपने सन्यास लेने के कारणों को स्पष्ट नहीं किया।
- अंबाती रायुडू विश्व कप के लिए भारत की आधिकारिक अतिरिक्त सूची में थे, लेकिन उन्हें दो बार अनदेखा किया गया।
- उन्होंने जुलाई, 2013 में जिम्बाब्वे के खिलाफ एकदिवसीय मैच में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया।

- रायडू ने भारत के लिए 55 एकदिवसीय मैच खेले, जिसमें उन्होंने 47.05 के औसत से 1694 रन बनाए। हालांकि उन्होंने कोई टेस्ट मैच नहीं खेला।

संबंधित जानकारी

- अंबाती थिरुपथी रायुडू दाएं हाथ के मध्य क्रम के बल्लेबाज के रूप में खेले, जिन्होंने समय-समय पर दाएं हाथ से ऑफ ब्रेक गेंदबाजी करके विकेट भी लिए।
- उन्होंने घरेलू क्रिकेट में हैदराबाद के लिए, और इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेले।